**13/05**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने आज चरण-I के तहत जिला स्तरीय समीक्षा अभ्यास की शुरुआत करते हुए चार घंटे की गहन बैठक आयोजित की, जिसमें नवगठित जिलों कामले, लोअर सियाङ, पाक्के केसाङ, लेपा रादा, शी योमी, कई पान्योर और बिचोम की जमीनी स्थिति तथा कार्यात्मक व्यवस्था का व्यापक आकलन किया गया। सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से बैठक की जानकारी साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि समीक्षा के दौरान मानव संसाधन की कमी, विभाग स्तरीय रिक्त पदों, प्रशासनिक अवसंरचना, राज्य स्तर पर नीतिगत हस्तक्षेप की आवश्यकता वाले मुद्दों तथा सुशासन और बेहतर जनसेवा सुनिश्चित करने के लिए जिलों की समग्र तैयारी पर विशेष ध्यान दिया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि संबंधित जनप्रतिनिधियों, उपायुक्तों तथा विभागाध्यक्षों के साथ महत्वपूर्ण चर्चा भी की गई। यह जिला स्तरीय समीक्षा अभ्यास चरण-IV तक जारी रहेगा, जिसमें अरुणाचल प्रदेश के सभी जिलों को शामिल किया जाएगा। जिसका उद्देश्य अधिक सशक्त, उत्तरदायी और जन-केंद्रित प्रशासन का निर्माण करना है।

0000000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश राज्य परिवहन सेवा और RedBus ने आज ई-टिकटिंग सेवाओं की शुरुआत के लिए एक MoU पर हस्ताक्षर किए, जो अरुणाचल प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस MoU पर परिवहन मंत्री ओजिङ तासिङ की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। बैठक का विवरण साझा करते हुए, मंत्री ने कहा कि यह सहयोग यात्रा को अधिक सुगम, कुशल और यात्रियों के अनुकूल बनाने के साथ-साथ सेवा वितरण में पारदर्शिता और पहुंच की सुगमता को भी मजबूत करेगा। उन्होंने आगे कहा कि इस MoU पर हस्ताक्षर करना स्मार्ट शासन की दिशा में और एक स्मार्ट, डिजिटल रूप से सशक्त अरुणाचल प्रदेश के निर्माण की दिशा में एक प्रगतिशील कदम है।

0000000000000000000000000000

लुंगला सर्कल के अंतर्गत फार्मे गांव में आज आत्मनिर्भर बागवानी योजना तथा ऑयस्टर एवं शिताके मशरूम की व्यावहारिक खेती तकनीकों पर एक सफल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ऑयस्टर और शिताके मशरूम की खेती पर आधारित इस व्यावहारिक प्रशिक्षण में किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे क्षेत्र में वैज्ञानिक एवं आयवर्धक बागवानी पद्धतियों के प्रति बढ़ती रुचि देखने को मिली। कार्यक्रम में सात स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों सहित साठ से अधिक किसानों ने सक्रिय भागीदारी की।

000000000000000000000000000

बाल श्रम और मजदूरी पर रोक लगाने के उद्देश्य से आज ईस्ट सियाङ जिले में श्रम विभाग, पुलिस विभाग और जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त निरीक्षण अभियान का आयोजन किया गया। टीम ने रुक्सिन सर्कल के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम, कॉन्ट्रैक्ट लेबर अधिनियम तथा अंतरराज्यीय प्रवासी श्रमिक अधिनियम सहित अन्य संबंधित कानूनों के तहत सघन निरीक्षण किया। इस दौरान SDO (मुख्यालय) संजय ताराम ने लोगों से बच्चों को किसी भी प्रकार के श्रम कार्य में शामिल न करने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि बार-बार नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बाल श्रम अधिनियम के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने प्रवासी श्रमिकों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा मजदूरी की चोरी जैसी घटनाओं की तुरंत स्थानीय पुलिस या श्रम हेल्पलाइन में शिकायत करने की सलाह भी दी। निरीक्षण अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रतिष्ठानों और कार्यस्थलों पर बाल अधिकारों तथा अनुचित श्रम प्रथाओं के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना रहा।

000000000000000000000000000

शोधकर्ताओं ने वेस्ट सियाङ ज़िले के योर्दि राबे सुपसे (YRS) वन्यजीव अभयारण्य से कस्तूरी मृग की पहली कैमरा-ट्रैप तस्वीर रिकॉर्ड की है।

वन्यजीव विरासत को रिकॉर्ड करने और उसकी रक्षा करने में शामिल शोधकर्ताओं, वन अधिकारियों और सभी संबंधित पक्षों के समर्पित प्रयासों की सराहना करते हुए, उपमुख्यमंत्री चौना मेन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में इस खोज को अरुणाचल के ऊँचे पहाड़ों वाले जंगलों की समृद्ध जैव विविधता का एक प्रमाण बताया। उन्होंने ज़ोर दिया कि ईस्टर्न हिमालय में वन्यजीवों के निरंतर संरक्षण और वैज्ञानिक शोध का कार्य जारी रखना कितना महत्वपूर्ण है।

0000000000000000000000000000

आदी जनजाति की पारंपरिक पूर्वज प्रथाओं पर आधारित वार्षिक **कोंगकुरायो महोत्सव** का दूसरा संस्करण बूधवार को पासीघाट के निकट तिगरा-मिरबुक सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया। महोत्सव का मुख्य उद्देश्य पूर्वजों की परंपराओं, जीवंत सांस्कृतिक धरोहर और प्रकृति-अनुकूल आजीविका पद्धतियों का संरक्षण करना था, जिन्हें आदी समुदाय की पहचान की जड़ माना जाता है। इस उत्सव का आयोजन आदी संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित सामाजिक संगठन **"माम के"** द्वारा सियांग ट्रस्ट (एनजीओ) तथा **तिगरा-मिरबुक बाने केबाङ** के सहयोग से किया गया।

0000000000000000000000000000

ऑल-तागिन यूथ ऑर्गेनाइजेशन - ATYO द्वारा बूधवार को सभी तागिन कबीलाई युवा संगठनों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

कर समाज के कल्याण तथा समग्र विकास के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया। बैठक के दौरान सदस्यों ने एकता, सहयोग और युवा संगठनों के बीच बेहतर समन्वय को मजबूत करने से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की। सभा में यह भी निर्णय लिया गया कि शीर्ष युवा संगठन ATYO में अध्यक्ष और महासचिव जैसे प्रमुख पदों के लिए चारों निर्वाचन क्षेत्रों के बीच रोटेशनल व्यवस्था लागू की जाएगी, ताकि सभी को समान प्रतिनिधित्व और सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

0000000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के छह ज़िलों तवांङ, क्रा दादी, अपर सुबनसिरी, शी योमी, दिबाङ वैली और लोहित को छोड़ अन्य सभी ज़िलो के लिए अगले 24 घंटों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया हैं।

0000000000000000000000000000